भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 879
दिनांक 28.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

उत्तराखंड में जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट

879 # श्री महेंद्र भट्टः

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या उत्तराखंड राज्य के सभी परिवारों को जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अन्तर्गत हर घर नल योजना से जोड़ दिया गया है;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पेयजल लाइनें बिछाने के बाद भी कई परिवारों को अभी तक जलापूर्ति नहीं हो रही है;
(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) वंचित परिवारों को कब तक जलापूर्ति कर दी जाएगी?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (घ) भारत सरकार अगस्त 2019 से उत्तराखंड सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से जल जीवन मिशन कार्यान्वित कर रही है, ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल आपूर्ति का प्रावधान किया जा सके।

जल जीवन मिशन (जेजेएम) के शुभारंभ के बाद से राज्य में ग्रामीण परिवारों की नल जल तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत में, उत्तराखंड में 1.30 लाख (9%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, राज्य द्वारा सूचित किए गए अनुसार, लगभग 12.84 लाख और ग्रामीण परिवारों को जेजेएम के तहत नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 22.07.2025 तक, उत्तराखंड के 14.49 लाख ग्रामीण परिवारों में से 14.14 लाख (97.63%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

उत्तराखंड राज्य द्वारा सूचित किए गए अनुसार, राज्य ने दिसंबर 2025 तक 100% एफएचटीसी (कार्यशील पारिवारिक नल कनेक्शन) कवरेज प्राप्त करने की योजना बनाई है।

***